पत्र संख्या–वि0व0संग्रह (NCLT/ NCLAT)/2020–21/ 106 /वाणिज्य कर

प्रेषक,

ज्वाइंट कमिश्नर(संग्रह)वाणिज्य कर,
मुख्यालय, लखनऊ।

सेवा में,

समस्त ज्वाइंट कमिश्नर (कार्यपालक) सम्भाग–बी
(नोडल अधिकारी(NCLT/ NCLAT) वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।
(संग्रह अनुभाग) लखनऊ:: दिनांक:: 7 जुलाई, 2020

महोदय,

कृपया मुख्यालय के पत्र–वि0व0संग्रह/2019–20/53/वाणिज्य कर, दिनांक 05 जून,2020 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा प्रत्येक जोन के ज्वाइंट कमिश्नर (कार्यपालक) सम्भाग–बी, को NCLT/ NCLAT से सम्बन्धित मामलों मे समन्वय स्थापित करने, सूचनाओं के आदान प्रदान करने, NCLT/ NCLAT के सभी मामलों का पूर्ण विवरण अपने जोन से एकत्रित करने, NCLT/ NCLAT में विभागीय दावा दाखिल करने एवं उक्त समीक्षा तथा परिणाम पर प्रभावी अनुश्रवण का दायित्व निवर्हन करने एवं NCLT/ NCLAT के सभी मामलों में विभागीय दावा प्रस्तुत करने एवं उसके परिणाम पर प्रभावी अनुश्रवण हेतु प्रेषित किया गया था, किन्तु कतिपय जोन द्वारा NCLT/ NCLAT में लम्बित मामले की जो सूचना मुख्यालय को अनुश्रवण पश्चात प्रेषित की जा रही है, अभी भी पूर्ण अथवा सही नहीं है। परिणाम स्वरूप कई ऐसे मामले प्रकाश में आ रहे हैं, जिसमें सम्बन्धित खण्डाधिकारी द्वारा समय से दावे प्रस्तुत नहीं किये गये है, ऐसे में मा0 न्यायालय द्वारा दावों को अस्वीकार कर दिया गया है, जिसके कारण वृहत्तर राजस्व क्षति की सम्भावना है।

एत्द द्वारा आप से अनुरोध है कि एक बार पुनः NCLT/NCLAT के अन्य प्रकरणों को भलीभॉति जॉच लें व उनके दावों की स्थिति की भी परीक्षण कर लें, जिससे NCLT/NCLAT के मामलों में मुख्यालय को समस्त प्रकरण व दावों की स्थिति के बारे में अद्यतन जानकारी प्राप्त हो सके तथा जिन खण्डाधिकारियों के दावे समय से प्रस्तुत न किये जाने के कारण मा0 न्यायालय द्वारा दावों को अस्वीकार कर लिया गया है। इनके नाम व पदनाम तथा तैनाती का स्थान की सूची मुख्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें, जिससे मुख्यालय स्तर पर उन खण्डाधिकारियों का प्रभावी अनुश्रवण किया जा सके।

भवदीय,

(देव मणि शर्मा)
ज्वाइंट कमिश्नर (संग्रह) वाणिज्य कर,
मुख्यालय, लखनऊ।

पृ0प0सं0 व दिनांक यथोक्त

प्रतिलिपिः– समस्त एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–I, वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

ज्वाइंट कमिश्नर (संग्रह) वाणिज्य
कर, मुख्यालय, लखनऊ।